Publication: Dainik Bhaskar
Date: 04/09/2014
Edition: Indore
Page No: 18
Headline: Quick quiz and answers on Twitter

क्विज़ के क्विक और ट्विटर पर दिए आंसर

QUIZ COMPETITION

बुधवार को देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी ऑडिटोरियम में आईटी क्विज कॉम्पीटिशन हुई। इसमें करीब पांच सौ से ज्यादा स्टूडेंट्स ने पार्टिसिपेट किया।

सिटी रिपोर्टर ▶ इंदौर

एक तरफ स्टेज पर बैठी फाइनल टीमों के स्टूडेंट्स इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी से जुड़े सवालों के जवाब दे रहे थे तो दूसरी ओर ऑडियंस में बैठे स्टूडेंट्स क्विज में पूछे जा रहे सवालों के जवाब ट्विटर के जरिए दे रहे थे। कुछ ऐसा ही देखने को मिला टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेस की ओर से बुधवार को हुई आईटी क्विज में। इंटरस्कूल टीसीएस आईटी क्विज का यह रीजनल फाइनल राउंड डीएवीवी ऑडिटोरियम में बुधवार को हुआ। इसमें 8वीं से 12वीं क्लास के करीब पांच सौ से ज्यादा स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया। एक स्कूल से दो मैंबर्स वाली एक या अधिक टीमें थी। रीजनल फाइनल के लिए 6 टीमों का सिलेक्शन किया गया था। क्विज इंदौर सहित 14 शहरों में आयोजित की जा रही है।

ऑडियंस ने भी किया पार्टिसिपेट

क्विज के दौरान ऑडियंस में बैठे स्टूडेंट्स को भी क्विज में पार्टिसिपेट करने का मौका मिला। इस ट्विटर कॉन्टेस्ट में स्टूडेंट्स ने ट्विट करके सवालों के जवाब दिए। इसमें 10768 ट्विट हुए जो यूनिवर्सिटी ऑडिटोरियम में बैठे स्टूडेंट्स ने किए थे। 14 शहरों में से जिस स्टूडेंट के सबसे ज्यादा ट्विट होंगे उसे मुंबई में टीसीएस आईटी क्विज का मेगाफाइनल देखने का मौका मिलेगा।

चार राउंड हुए

क्विज में कुल चार राउंड लिपबोर्डिंग, ड्रोनिंग, डिसरप्टिव थिंकिंग और सोशल-लोकल-मोबाइल राउंड हुए। लिपबोर्डिंग में स्टूडेंट्स को सवाल चयन करने का ऑप्शन था। ड्रोनिंग पासिंग राउंड था जिसमें आईटी फील्ड के वैश्विक परिदृश्य से संबंधित सवाल पूछे गए। डिसरप्टिव थिंकिंग बजर राउंड था जिसमें सवाल के साथ पांच क्लू भी दिए गए थे। आखिरी राउंड सोलोमो में टीमों से सामाजिक, स्थानीय और मोबाइल प्लेटफॉर्म से जुड़े सवाल पूछे गए।

ये रहे विनर

क्विज में सागर पब्लिक स्कूल भोपाल की टीम विनर रही। रनर अप सेंट अर्नाल्ड्स हायर सेकेंडरी स्कूल की टीम रही। विनर्स को आईआईएम, इंदौर के डायरेक्टर ऋषिकेश टी. कृष्णन ने अवॉर्ड दिए। विनर टीम को दिसंबर में होने वाले मेगा फाइनल में यूएई टीम के साथ हिस्सा लेने का मौका मिलेगा।